तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 ग्राम लमती में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली...



14 कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र ढोलिया के छात्रावास की...



## खबर संक्षेप



### लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय में हुई करियर गाइडेंस कार्यशाला

**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऋग्वेदा आईएएस अकादमी की फाउंडर एवं डायरेक्टर डॉ. अद्वित पांडे थीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं तथा सतत अध्ययन के विषय में जानकारी प्रदान की गई। जीवन में कठिन परिश्रम कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम ने विद्यार्थियों को निरंतर गहन अध्ययन कर एक सभ्य और जिम्मेदार नागरिक बन कर बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान देने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम रजोली में श्रीमद् भागवत कथा 2 से

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम रजोली में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्रामवासी एवं दुर्गोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 10 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन कर्ता पंडित तोरण महाराज कुरना (कांकेर) होंगे। कथा का समय दोपहर 12:30 बजे से शाम 5 तक एवं मंगला आरती प्रति दिन सुबह 7:30 से 08 बजे तक। भागवत कथा का स्थापना गौकर्ण कथा वेदी पूजा 2 अक्टूबर बुधवार को एवं भागवत कथा का शुभारंभ 3 अक्टूबर गुरुवार से होगा।

### देवरी बंगला में चैतन्य देवियों की झांकी 6 से

**डौण्डीलोहारा।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में 6 से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन संध्या 6.30 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक स्थान नया बस स्टैंड के सामने, मेन रोड देवरी बंगला में चैतन्य देवियों की भव्य झांकी का आयोजन किया गया है। सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने बताया कि आदि शक्ति मां दुर्गा, धन की देवी मां लक्ष्मी, विद्या की देवी मां सरस्वती, माता वैष्णवी, ब्रह्माकुमारी देवी एवं भगवान शिव की पूजा करते हुए राजा विक्रमादित्य की चैतन्य झांकी प्रदर्शित की जाएगी। साथ में शिव ज्ञान चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है।

### महाविद्यालयीन पूरक परीक्षा 1 अक्टूबर से

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र क्र.106 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालयीन पूरक परीक्षा-2024 बीए भाग- 1 व 2 एवं बी.एससी. भाग-1 की पूरक परीक्षा 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। दिनांक 3अक्टूबर को होने वाली बी.ए. भाग- 2 के विषय-आ.पा. अंग्रेजी भाषा की पूरक परीक्षा 5 अक्टूबर को होगी। शेष परीक्षायें पूर्व समय सारिणी अनुसार होंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र में शासकीय महाविद्यालय खेरथा, शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा, शासकीय महाविद्यालय जेवरतला एवं संत राजाराम सदाणी नागरिक महाविद्यालय डौण्डीलोहारा के पूरक परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### जिला सर्वोदय मंडल का शपथ ग्रहण आज

**गुरूर।** जिला सर्वोदय मंडल के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह राम मंदिर गुरुर में 29 सितंबर रविवार को 11 बजे रखा गया है। संघ के सचिव परसराम साहू ने बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सर्वोदय के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# आंदोलनकारी महिलाओं व फैक्ट्री मालिक के बीच जोरदार बहस, विरोध बढ़ता देख लौटी कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- महिलाओं ने लगाया टिप्पणी करने का आरोप, वीडियो बनाने पर और भड़कीं

ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट को बंद करने शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन जारी है। इस बीच 6 वें दिन धरने में शामिल महिलाओं एवं बायो टेक प्लांट के मालिक रोहित सचदेवा के बीच जमकर बहसबाजी के कारण गंभीर स्थिति निर्मित हो गई। बहसबाजी के दौरान मालिक की हरकत से आक्रोशित महिलाएं धरना प्रदर्शन स्थिल से उठकर गाड़ी के सामने आकर नारेबाजी करने लगीं। इससे कार को मजबूर होकर लौटना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार महिलाएं गांव से धरना स्थल की ओर आ रही थीं। उसी समय प्लांट मालिक रोहित सचदेवा की कार उसी सड़क से गुजरी। महिलाओं के अनुसार उनकी कम संख्या को देखकर रोहित सचदेवा ने कुछ टिप्पणी कर दी। इससे महिलाएं भड़क गईं और धरना स्थल पर बैठी अन्य महिलाओं को आवाज लगाई। इससे धरना स्थल पर बैठी सभी महिलाएं उसी ओर दौड़ पड़ीं। फैक्ट्री मालिक कथित रूप से महिलाओं के वीडियो भी बना रहा था, जिससे वे और भी ज्यादा भड़क गईं।

## ग्राम पथर्रा में प्लांट बंद करने क्षेत्रवासियों का प्रदर्शन जारी



### प्रदर्शनकारियों ने कहा, कंपनी की गतिविधियों और प्रशासन की चुप्पी से बन रही अप्रिय स्थिति

ग्रामीणों के अनुसार शनिवार सुबह ही कंपनी में लाए गए बाउंसर भी इक्का-दुक्का गांव वालों को देखकर धमका रहे थे, जिसके कारण सुबह से ही धरना स्थल पर माहौल गर्म रहा। वहीं, शासन-प्रशासन द्वारा किसी तरह संज्ञान नहीं लेने से माहौल और भी ज्यादा गर्म हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक शांति पूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन लगातार बाहर से काम के नाम पर असामाजिक तत्वों को लाकर रखा जा रहा है, जिससे शांतिप्रिय गांव का माहौल अशांत हो रहा है। वहीं, शासन-प्रशासन द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, बल्कि वह मूकदर्शक बना है, इससे गांव में कभी भी अप्रिय स्थिति बन सकती है। 23 सितंबर से शुरू हुए इस आंदोलन को शनिवार को पूरा एक सप्ताह हो चुका है। आंदोलनकारियों का कहना है कि आंदोलन में दिन प्रतिदिन किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। वहीं, फैक्ट्री प्रबंधन की कार्य शैली और प्रशासन की चुप्पी दोनों ही किसानों के आंदोलन को और भड़का रही है।

## कार्रवाई : जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही, प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

# 16 माह में शुरू नहीं किया काम, तीन कंपनियां ब्लैकलिस्टेड, अनुबंध रद्द, अमानत राशि राजसात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- कार्य की धीमी प्रगति को लेकर 32 ठेकेदारों को नोटिस

ज़िले के विकासखंड साजा और नवागढ़ में स्वीकृत जल जीवन मिशन के कार्य शुरू नहीं करने एवं लापरवाही बरतने पर संबंधित फ़र्म व ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की गई है। कार्यों को 16 महीने बीतने के बाद भी शुरू नहीं करने पर तीन फर्मों - मेसर्स वीरन कंस्ट्रक्शन, रुद्राक्ष अर्थ मूवर्स और भार्गव कंस्ट्रक्शन के अनुबंध रद्द कर दिए गए। इन फर्मों की अमानत राशि राजसात कर उन्हें ब्लैकलिस्टेड भी कर दिया गया है। इसके साथ ही 32 अन्य ठेकेदारों, जिनकी कार्य प्रगति धीमी रही या जिन्होंने कार्यों में रुचि नहीं दिखाई, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जे.पी. गोड़ ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इस दिशा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


जलजीवन मिशन के कार्यों को लेकर कलेक्टर ने दी हिदायत

गंभीरता से करें कार्य, लापरवाही बरतने पर होगी सख़्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में जल जीवन जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने वर्ष 2021 से 2024-25 तक के निर्धारित लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का ब्यौरा लिया। कलेक्टर श्री शर्मा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए 16 माह बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि तीन दिवस के भीतर सभी स्वीकृत कार्य शुरू नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- 16 माह बाद भी कार्य शुरू नहीं किए जाने पर जताई नाराजगी

श्री शर्मा ने कहा कि जो ठेकेदार या संबंधित एजेंसी कार्य शुरू नहीं करती, उनकी अमानत राशि जब्त करने और निविदा निरस्त कर नई निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरी गंभीरता से करें। किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालन अभियंता ने दी प्रगति की जानकारी

कलेक्टर ने प्राप्त आवंटन किए गए भुगतान, वाहन भुगतान आदि नियमानुसार स्वीकृत करने अनुमोदन किया। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदीश प्रसाद गोड़ ने जल जीवन मिशन की अब तक की जानकारी दी। बैठक में समिति के सदस्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यशवन्त ध्रुव,सहायक संचालक, जनसम्पर्क शशिरत्न पाराशर,कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन चन्द्र शेखर शिवहरे, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण निर्मल सिंह, उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना, उपवन मंडलाधिकारी डी.एच दुबे, एसडीओ पीएचई संतोष नायक सहित पीएचई के ब्लॉक अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दिया था 3 दिन का अल्टीमेटम, उसके बाद भी शुरू नहीं हुआ काम

इससे पहले, कलेक्टर रणबीर शर्मा ने 25 सितंबर को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने 16 महीने बीत जाने के बावजूद कार्यों की शुरुआत नहीं होने पर गहरी नाराज़गी जताई थी। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर सभी स्वीकृत कार्यों की शुरुआत नहीं हुई, तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। उनके आदेश के अनुपालन में, कार्यपालन अभियंता पीएचई बेमेतरा द्वारा यह कार्रवाई की गई। जल जीवन मिशन को सफलतापूर्वक लागू करने और क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अधिकारी अब इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि ठेकेदार अपने कार्यों को तय समय में पूरा करें, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर नल योजना का लाभ मिल सके।

# भाषायी कौशल के विकास में प्रिंट रिच वातावरण की भूमिका महत्वपूर्ण : राजेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- बीआरसी ने शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में शत-प्रतिशत योगदान के लिए किया प्रेरित

जोन स्तरीय समीक्षा बैठक के तहत संकुल जोन जेवरा अंतर्गत सहायक जिला परियोजना अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू एवं बीआरसी राजेन्द्र साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संकुल जोन के सभी शिक्षकों से अपेक्षित कार्यों को पूरे मनोयोग से पूर्ण करते हुए प्रत्येक छात्र को कक्षा अनुरूप दक्ष बनाने के लिए कहा। इस शनिवार की बैठक की मूल विषय वस्तु शाला में प्रिंट रिच वातावरण पर जोर देते हुए कहा कि शालाओं में हर दीवार पर शिक्षादायक वाक्य हों। एपीसी भूपेन्द्र साहू ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक विकास की दिशा में स्वयं की जवाबदेही शिक्षक स्वयं तय करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में शत प्रतिशत योगदान करें ।नियमित समीक्षा बैठक में सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्यतः शामिल कराने के लिए समन्वयकों को निर्देशित किया गया। संकुल केंद्र कोबिया में प्रातः 8 बजे से प्राथमिक शाला के भाषा विषय समूह के शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। वर्तमान सत्र 2024-25 को शिक्षा विभाग छ. ग. शासन सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना। उनके कौशलों का कक्षा अनुरूप विकास करना मुख्य उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ▸▸ शेष पेज 13 पर

# जानवर के काटने पर तत्काल अस्पताल पहुंचें और एन्टी रेबीज वैक्सीन लगवाएं




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में विश्व रैबीज दिवस वक्ताओं ने दी सलाह

विश्व रैबीज दिवस के अवसर पर बेमेतरा ज़िले के विकासखंड नवागढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीईटीओ ध्रुवे ने उपचार के लिए आने वाले मरीज़ों, उनके साथ आये परिजन, मित्रों को रैबीज की रोकथाम व बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि किसी भी जानवर के काटने पर तत्काल अस्पताल पहुंचें एवं समय पर एन्टी रैबीज वैक्सीन की पूरी डोज ज़रूर लगवाएं।श्री ध्रुव ने बताया कि रैबीज एक संक्रामक वायरल रोग है, जो कुत्ते, बिल्ली, बन्दर या अन्य जानवरों के काटने से हो सकता है। विश्व रेबीज जागरूकता ▸▸ शेष पेज 13 पर



### सूने मकान में की चोरी, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** सूने मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 331 (4),305, 317(5), 3 (5) बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शांति नगर डूंडेरा निवासी कामेश्वर उर्फ विक्की मरकाम, सलीम महिपाल से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि चोरी किया गया सारा सामान बेचने के लिए रितेश कुर्रे को देना स्वीकार किया है।

# सहायक शिक्षक फेडरेशन साजा ब्लॉक इकाई की बैठक में कई प्रस्ताव पारित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई साजा की बैठक माँ महामाया मंदिर साजा में आयोजित की गईं। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सबसे पहले यह प्रस्ताव रखा गया कि सहायक शिक्षक फेडरेशन साजा ग्रुप में कोई भी अन्य ब्लॉक के शिक्षक, सहायक शिक्षक व पदाधिकारी नहीं रहेंगे। ब्लॉक साजा की वार्षिक सहयोग राशि 200 ली जाए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। समयमान वेतन की राशि जारी करवाने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को संपर्क करेंगे। ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से टिकेन्द्र सिंह राजपूत, दिलीप पटेल को ब्लॉक संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। शिक्षक मोर्चा की आगामी 2 अक्टूबर को होने वाले आंदोलन में ▸▸ शेष पेज 13 पर

## भिंभौरी में पितृ पक्ष के अवसर पर हो रहा है दो दिवसीय कार्यक्रम

# 70 लोक कलाकारों की स्मृति में पुरखा के सुरता मानस तिहार शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

विकासखंड बेरला के नगर पंचायत भिंभौरी में पितृ पक्ष के पावन अवसर पर दो दिवसीय पुरखा के सुरता मानस तिहार आयोजित किया गया। मानस तिहार का शुभारंभ रामचरितमानस संघ के जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 70 लोक कलाकारों की स्मृति में यह कार्यक्रम निरंतर 3 वर्षों से लगातार भिंभौरी के सभी नागरिक एवं स्मृति कलाकारों के परिवार जनों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम रहें या ना रहें, यह कार्यक्रम बिल्कुल चलते रहे यही कामना करता हूं।

रामचरितमानस संघ के संरक्षक डॉ रीझन सेन ने कहा कि आज एकादशी है और एकादशी में पितृ पक्ष के पावन अवसर पर पुरखा के सुरता मानस तिहार का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जितने भी लोक कलाकार इस लोक से गए हैं, उनको हमें कभी भूलना नहीं है। कार्यक्रम को विनोद साहू, बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू, विनोद साहू, डॉ उत्तम देवांगन, मोहन वैष्णव एवं हरिश्चंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कुंजीलाल साहू, अमर साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष विक्रम सिंह वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, लखनलाल साहू, यूके देवांगन, गणेश पाटिल, के साहू शिक्षक, पं. सरजू प्रसाद तिवारी, पं. सत्यनारायण तिवारी, उत्तम साहू, पंचराम यादव एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने पुरखा के सुरता मानस तिहार की शुभकामनाएं दीं।

### हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत



कार्यक्रम की शुरुआत श्री कृष्णा मानस मंडली आनंद गांव द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा पाठ से हुई। श्री कृष्णा मानस मंडली बावनलाख, श्रद्धा सुमन मानस मंडली हथबंध, श्री राम मानस मंडली पापरा बालोद, समर्पण ज्ञान गंगा मानस मंडली रिसामा उतई, श्रद्धा सुमन मानस मंडली पिरदा, जय गंगा मां मानस मंडली नेवनारा, जय मां अनुसूया महिला मानस मंडली गुजरा धमतरी, श्री कृष्णा मानस मंडली चैनगंज बालोद, एवं श्री राम लाल मानस मंडली गुंडरदेही बालोद ने रामचरितमानस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संचालन एवं आभार विनोद साहू ने किया।

### सेक्टर पांच में आवास के किचन का छज्जा गिरा

**भिलाई।** सुबह सेक्टर 5 में सुबह एक क्वार्टर - 6/ ई , सड़क नंबर 10 के किचन का अचानक छज्जा गिर गया। किसी को हानि नहीं हुआ। 3.30 बजे हुई घटना के दौरान सभी सोये हुए थे। सीटू की टीम ने मकान का दौरा किया और प्रबंधन से टारफेल्टिंग व संधारण की मांग की। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इस क्वार्टर की अभी भी छत से सीपेज है और आवास की हालत जर्जर होने से कर्मचारी चिंतित हैं। लेकिन नगर सेवाएं के अधिकारी उदासीन हैं। हर वर्ष छज्जा गिरने की अनेक घटनाएं होती हैं और कई बार तो घायल होते हैं । सेक्टर 5 जिस मकान का छज्जा गिरा उसका टारफेटिंग 2017 में हो चुका था। पहले भी इस मकान के बेडरुम का छज्जा गिरा था। सीटू ने कहा कि छज्जा गिरने की जितने भी मामले आए हैं वह कर्मियों के आवास के ही होते हैं।

हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मनोकामना ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू

**रायपुर।** गोलबाजार स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर नवरात्रि पर्व पर नवग्रह मनोकामना ज्योत का पंजीयन शुरू किया गया है। शनि पुजारी रोहित शर्मा ने यह जानकारी दी। नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं।

### सहकारी बैंक की आमसभा में पेश किया लेखा-जोखा



**रायपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 108वीं वार्षिक आमसभा शुक्रवार को आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्थाएं व प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई। आमसभा में उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं एनके चंद्रवंशी, बैंक की सीईओ अपेक्षा व्यास समेत अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। शुरुआत में सहकारी बैंक के संस्थापक स्व. पं. वामन बलीराम लाखे की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके बाद प्राधिकृत अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि बैंक द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में अगस्त माह तक 384049 किसानों को 1657.97 करोड़ रुपए अल्पकालीन ऋण दिया जा चुका है। मध्यकालीन कृषि ऋण के तहत समितियों के माध्यम से नलकूप खनन, सबमर्सिबल पंप, स्प्रिंकलर, ड्रिप एरिगेशन, तार फेंसिंग, भूमि सुधार तथा कृषि उपकरणों के लिए, दीर्घकालीन ऋण के तहत ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं जेसीबी खरीदने के लिए ऋझा उपलब्ध कराया गया है। आमसभा के दौरान बैंक की सीईओ ने वित्तीय स्थिति, लाभ-हानि के विवरण के साथ वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

### स्कूल को दिए दो वाटर कूलर, रोपे पौधे



**रायपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसकेए स्टील एवं पॉवर प्रायवेट लिमिटेड के अधिकारियों ने उरला क्षेत्र के गोगांव स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पौधारोपण किया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए वाटर हेड टैंक एवं दो वाटर कूलर भी प्रदान किए। एसकेए के जीएम रोहित अग्रवाल, प्रवेश, रोहित, रंजन इस मौके पर मौजूद थे। इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. पूरनलाल साहू ने एसकेए स्टील एंड पॉवर द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से जयलाल गेण्डारे ने कंपनी प्रबंधन का आभार जताया। शाला की प्राचार्य उत्तरा ध्रुव एवं तिरीथ रानी वर्मा ने शाला विकास समिति एवं कंपनी के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक संपत सिंह राजपूत ने यह जानकारी दी।

# शराब के नकली होलोग्राम मामले में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश

## ईओडब्लू ने चारों आरोपियों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्लू ने शुक्रवार को निधी शर्मा, तिवारी की स्पेशल कोर्ट में दो हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया है। चालान पेश करने के दौरान आरोपी बनाए गए दीपक दुआरी, अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह और दिलीप पांण्डेय को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू ने मामले से जुड़ी 55 पन्नों का कोर्ट में समरी पेश की। ईओडब्ल्यू द्वारा पेश किए गए चालान में सभी की भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि इस घोटाले में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है, सिंडिकेट के इशारे पर यह सभी काम करते थे। मामले की अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू पहले ही अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह तथा त्रिलोक सिंह ढिल्लन के खिलाफ पहले ही चालान पेश कर चुकी है। कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि टीम ने शराब घोटाले के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर के धनेली स्थित फार्म हाउस में डुप्लिकेट होलोग्राम के कई रोल अधजले हालत में जब्त किए थे। कोर्ट में पेश किए गए चालान में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2019 से 2022 तक नकली होलोग्राम लगाकर शराब की बिक्री की गई। इससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

### धनेली स्थित खेत में मिला था नकली होलोग्राम

कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर धनेली स्थित खेत से नकली होलोग्राम अधजली हालत में बरामद किया है। ईओडब्लू ने जेसीबी की मदद से जमीन में पांच फीट गड्ढा कर होलोग्राम जब्त किया था।


नकली होलोग्रॉम मामले में अनवर, एपी के बाद अब यूपी पुलिस की गिरफ्त में टुटेजा

### इनके इशारे पर होलोग्राम नष्ट

जांच एजेंसी द्वारा कोर्ट में पेश किए गए चालान के मुताबिक वर्ष 2022 में ईडी ने शराब घोटाले को लेकर जो छापे की कार्रवाई की थी, इस डर से अनवर ढेबर, अरविन्द सिंह के कहने पर नकली होलोग्राम को नष्ट किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जेसीबी से 5 फीट जमीन खुदवाकर ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने नकली होलोग्राम जब्त किया।

## बिरगांव निगम के 36 में 10 तालाब अवैध कब्जे से घिरे, कार्रवाई अटकी

# सर्वे में 10 तालाबों के पास कब्जा, निगम एक ही करवा पाया खाली, विस्थापन का भी फंसा पेंच


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में 36 तालाब हैं। इनके सर्वे में पाया गया कि 10 तालाब ऐसे हैं, जो अवैध कब्जे की वजह से उपेक्षित हैं। इनकी सुध इसलिए भी नहीं ली जा रही, क्योंकि विस्थापन का पेंच फंसा है। इसे देखते हुए निगम के जिम्मेदार अवैध कब्जा हटाने के बजाय अभी उन्हीं तालाबों की सुध ले रहे हैं, जिनका सौंदर्यीकरण करवाने के लिए शासन से बजट मिला है। यही कारण है कि चिन्हांकित 10 में से एक तालाब को ही कब्जा मुक्त करवा पाए हैं।

औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम के तालाबों को बुरा हाल है। कई तालाब ऐसे हैं, जिनके अंदर भी लोगों ने मकान बना लिया है। इसे देखते हुए शासन ने सर्वे करवाने के बाद प्रदेश के ऐसे सभी तालाबों को एक-एक करके कब्जा मुक्त कराने के लिए संबंधित निगमों को दिशा-निर्देश दिया है। इसमें बिरगांव निगम के 10 तालाब भी शामिल हैं। तालाबों का जायजा लेने पर पाया गया कि अभी निगम के जिम्मेदार सिर्फ एक तालाब को ही कब्जा मुक्त करवा पाए हैं। ऐसा इसलिए हो रहा, क्योंकि निगम के पास विस्थापन देने के लिए पर्याप्त बीएसयूपी मकान भी नहीं हैं। इसके कारण अभी कार्रवाई भी अटकी हुई है।

## विस्थापन के लिए निगम के पास आवास भी नहीं, इसलिए दिक्कत





फाइल फोटो

### जिन तालाबों में काम होगा..

निगम सूत्रों ने बताया कि अभी पहली प्राथमिकता में उन्हीं तालाबों को शामिल किया गया है, जिनका कायाकल्प करने के लिए शासन ने फंड मिला है। इसके अलावा बचे हुए तालाबों को कब्जा मुक्त कराने के लिए सबसे पहले बीएसयूपी मकानों का निर्माण कराना पहली प्राथमिकता है। इसके चलते बचे हुए तालाबों की सुध निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। अभी तक सिर्फ मोती सागर तालाब को ही कब्जा मुक्त किया गया है। बुधवारी बाजार के पास स्थित इस तालाब में सौंदर्यीकरण होगा।

- शासन ने सर्वे करवाने के बाद प्रदेश के ऐसे सभी तालाबों को एक-एक करके कब्जा मुक्त कराने के लिए संबंधित निगमों को दिया है दिशा-निर्देश

### प्लानिंग के बाद कार्रवाई

अभी उन्हीं तालाबों को कब्जा मुक्त किया गया है, जहां पर काम करवाने के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। बचे हुए तालाबों को कब्जा मुक्त करवाने के लिए कार्रवाई से पहले प्लानिंग की जा रही है।

\- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### इन तालाबों के पास कब्जा

शासन द्वारा जारी की गई सूची में धाप तालाब, डोंगिया तालाब, ब्यास तालाब, मटखनदा तालाब, दर्री तालाब, दंतेश्वरी खदान तालाब, मोती सागर तालाब, बंधवा तालाब, बिरइन तालाब और लटर्रा तालाब प्रमुख है। इनमें एक से ही कब्जा हटाया गया है। जिम्मेदार कब्जा मुक्त इसलिए भी नहीं करवा पाए हैं, क्योंकि प्रभावित होने वालों के लिए विस्थापन की प्लानिंग नहीं है। खदान डबरी तालाब से जिन परिवारों को हटाना है उन्हें निगम ने नोटिस देने के बाद कार्रवाई ठप है।

## अंतिम दिनों में सक्रिय हुआ मानसून

# शहर में मध्यम उत्तरी हिस्से में भारी रूप से बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- शहर में दिनभर छाए रहे बादल, होती रही हल्की से मध्यम बारिश
- 30 सितंबर के पूरा होगा सीजन, राज्य का कोटा फुल, 13 जिले माइनस में

बारिश के सीजन के अंतिम दिनों में प्रदेश में मानसून की सक्रियता नजर आई। सरगुजा सहित प्रदेश के उत्तरी हिस्से में 21 सेमी. तक अतिभारी वहीं मध्य तथा दक्षिण में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहा। शहर में दिनभर काले बादल छाए रहे जो रूक-रूककर बरसते रहे। 30 सितंबर को सीजन पूरा होगा जिसमें राज्य का कोटा फुल हो चुका है मगर 13 जिलों में स्थिति माइनस बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि शनिवार को बारिश की गतिविधि में थोड़ी कमी आएगी मगर मानसून की सक्रियता अभी कम नहीं होगी। आने वाले दिनों में तैयार होने वाला सिस्टम पुनः बारिश का कारण बनेगा। पिछले दो दिन से प्रदेश में मानसून की सक्रियता नजर आ रही है खासकर उत्तरी हिस्से में इसकी वजह से खासी बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में सरगुजा संभाग में होने वाली अतिभारी बारिश से आवागमन तक बाधित हुआ है। इसी तरह रायपुर समेत प्रदेश में काले बादल छाए रहे जो थोड़े अंतराल में बरसते रहे। अभी एक द्रोणिका दक्षिण गुजरात से उत्तर पश्चिम विहार तक विस्तारित है। 28 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### सितंबर में बरसे 250 मिमी.

राज्य में एक सितंबर से लेकर 26 सितंबर की स्थिति में 250 मिमी. बारिश हुई है। रायपुर जिले की औसत वर्षा 235 की तुलना में अब तक 219 मिमी. वर्षा हो चुकी है। सरगुजा जिले में इसे बार 387 मिमी. बारिश हुई है जिसे मिलाकर कुल आंकड़ा 702 तक पहुंचा है जो सामान्य से 39 प्रतिशत कम है। वर्तमान में पांच जिलों में वर्षा की बड़ी कमी है इसके साथ ही रायपुर, बिलासपुर समेत आठ जिलों में 2 से 19 फीसदी की कमी बनी हुई है।

# वन कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 5 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- संगठन के नौ हजार सदस्य करेंगे मतदान
- आज नामांकन भरने की आखिरी तारीख
- चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे

छत्तीसगढ़ राज्य वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का पांच अक्टूबर को चुनाव संपन्न होगा। नामंकन दाखिल करने की आखरी तारीख शनिवार को है, नामंकन वापसी भी इसी दिन होगा। कर्मचारी संघ के चुनाव को लेकर कर्मचारियों में काफी उत्साह देखा गया है। वन कर्मचारी संघ अलग-अलग पैनल बनाकर चुनाव में अपने प्रत्याशी तो चुनाव लड़ा रहे हैं।

वन कर्मचारी नेता संतोष समंत राय, पवन पिल्लै, विनोद मिश्रा, मनीष कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश के सबसे बड़े राज्य के पांचों संभागों से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए हो रहे है इस चुनाव में युवा प्रत्याशी अजित दुबे सबसे प्रबल दावेदारी कर रहे हैं। इनके चनावी एजेंडे जैसे वेतन वृद्धि, सेटअप मे परिवर्तन, वसूली प्रथा को समाप्त करना, कर्मचारियों के आवास सुविधाएं, प्रांत का हेड क्वार्टर रायपुर मे होना, प्रमोशन मे तेजी लाना,आदि मुद्दे को भारी जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। निर्वाचन अधिकारी के रूप में कमल वर्मा कार्य करेंगे। चुनाव को लेकर कर्मचारियों में अपने नये नेता को लेकर उत्साह और सरगर्मी का माहौल बना हुआ है। वनकर्मचारी संघ के चुनाव में नौ हजार 110 सदस्य मतदान में शामिल होंगे। मतगणना का कार्य चुनाव संपन्न होने के बाद उसी दिन होगा और देर शाम तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट का आरोपी टीआई सेवा से बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- टीआई का लाइन में तैनात आरक्षक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ था
- हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने छेड़खानी करने के आरोपी टीआई को कोर्ट ने कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शराब के नशे में धुत्त होकर गर्ल्स हॉस्टल में घुसकर महिला कर्मचारी को धमकाने तथा हॉस्टल में छेड़खानी करने के आरोपी टीआई राकेश चौबे को आईजी अमरेश मिश्रा ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। गौरतलब है, हॉस्टल में घुसकर मारपीट करने, छेड़खानी करने के आरोपी टीआई को कोर्ट ने कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है।


राकेश चौबे के खिलाफ अजाक थाना में दर्ज अपराध क्र. 04/2023 आईपीसी की धारा 451, 294, 323(दो बार), 506 बी, 354 ए तथा अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी। कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को आईजी ने संज्ञान में लेते हुए गुरुवार को निरीक्षक राकेश चौबे को नैतिक अधःपन का द्योतक एवं लोकहित में शासकीय सेवा में रखने योग्य नहीं पाये जाने पर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1996 एवं पुलिस रेग्युलेशन के प्रावधान के अंतर्गत ''सेवा से पदच्युत'' करने आदेश जारी किया है।

### पुलिस लाइन में की थी बदसलूकी

पिछले दिनों पुलिस लाइन में टीआई द्वारा लाइन में तैनात एक आरक्षक को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में टीआई द्वारा पुलिस लाइन के डीएसपी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। लाइन के आरक्षक ने राकेश चौबे द्वारा अपने साथ की गई अभद्रता की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है।

# टेस्टिंग में देर, धरसींवा के ग्राम नगर में एक माह से पानी सप्लाई नहीं, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


फाइल फोटो

- कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में शिकायत
- सरपंच से लेकर विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं

धरसींवा ब्लाक के नगर गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम खत्म हुए कई महीने बीत चुके हैं। इसके बाद भी गांव में नई पाइप लाइन से सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इसके कारण पिछले एक महीने से गांव के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी की समस्या से परेशान गांव के लोग इस संबंध में सरपंच से लेकर विभागीय अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके थे, लेकिन इसके बाद भी जब पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो इसकी शिकायत कलेक्टोरेट कॉल सेंटर में की है।

### शिकायत पर अधिकारियों में हड़कंप कहा-टंकी टेस्टिंग का चल रहा काम

नगर गांव निवासी खुमेंद्र वर्मा ने कलेक्टोरेट जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में गांव में एक माह से जल जीवन मिशन अंतर्गत लगाए गए नलों से पानी नहीं आने की शिकायत की है। इस शिकायत में उन्होंने बताया कि पानी टंकी का निर्माण कब से हो चुका है। इसके बाद भी गांव के किसी भी घर में नल से पानी नहीं आ रहा है। इसके कारण पूरा गांव परेशान है। इस शिकायत पर कलेक्टोरेट से विभागीय अधिकारियों को फोन जाते ही हड़कंप मच गया। कलेक्टर ने हालही में ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो के प्रगति की समीक्षा की थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जहां काम पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करें। कलेक्टोरेट से जब संबंधित गांव क्षेत्र के विभागीय अधिकारियों के पास फोन गया तो उनमें हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने पानी टंकी की टेस्टिंग कार्य का हवाला देते हुए कहा है कि टेस्टिंग का कार्य खत्म पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

गौरतलब है कि जिले के कई गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने से लेकर पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी उन गांवों में पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई है। ज्यादातर मामले में टेस्टिंग की बातें ही सामने आ रही है।

# एमआईसी सदस्यों ने की सफाई, उठाया कचरा



रायपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के जोन-5 स्वास्थ्य विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा हिंद स्पोर्टिंग मैदान ईदगाहभाठा में सफाई श्रमदान किया गया। इस दौरान कचरा उठाकर नगर निगम के एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, जोन-5 के कमिश्नर विमल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियता रघुमणि प्रधान, जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, नागेश रामटेके, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, आमजनों, निगम जोन-5 के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में स्वच्छता कायम कर जन-जन को स्वच्छ मैदान का सकारात्मक संदेश दिया गया। एमआईसी सदस्य श्री शर्मा ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलाई।

# सौ बिस्तरों का होगा राजधानी का हासिपटल पूरे राज्य में लागू होगी ईएसआईसी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- अनुबंधित निजी अस्पतालों में होगी कैशलेस रेफरल व्यवस्था

कर्मचारी राज्य बीमा योजना पूरे राज्य में लागू होगी। कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने रायपुर और कोरबा के अस्पताल की क्षमता पचास से बढ़ाकर सौ बेड की जाएगी। इसके साथ गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा दी जाएगी।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में हुई कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विभिन्न तरह के फैसले लिए गए है। इनमें श्रमिकों को कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के इलाज के लिए औषधालयों से सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा भी मिलेगी। बिलासपुर में सौ बिस्तर के नया अस्पताल के लिए जल्द भूमि उपलब्ध कराया जाएगा। रायपुर एवं कोरबा के अस्पतालों की क्षमता तीन माह में 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने और लारा एवं खरसिया के अस्पतालों को नवंबर माह तक प्रारंभ करने का फैसला किया गया है। भिलाई एवं रायगढ़ के अस्पतालों में मरीजों की भर्ती के लिए वार्ड मेटरनिटी वार्ड, एक्सरे, ऑपरेशन थयेटर तथा लैबोरेटरी की सुविधा प्रारंभ करने, कोरबा और रायपुर के अस्पतालों में आने के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय परिषद, एवं सचिव श्रम विभाग अलरमेलमंगई डी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक महेंद्र भोई, क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सचिव डॉ रचिता विश्वास, क्षेत्रीय बीमा आयुक्त रांची (पूर्वी क्षेत्र) तथा क्षेत्रीय परिषद के सदस्य हरीश केडिया, डीके अग्रवाल, एलपी कटकवार शामिल थे।

### 386 दावों को स्वीकृति

अधिकारियों ने बताया कि कोविड राहत योजना के तहत 386 बीमित व्यक्तियों के दावों को स्वीकृति दी गई तथा मार्च 2024 तक 16.21 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार उद्योगों एवं संस्थाओं के पंजीकृत बीमित व्यक्तियों को बीमारी हित लाभ, स्थायी अपंगता पर पेंशन मातृत्व अवकाश, अंत्येष्टि व्यय आदि पर वर्ष 2023-24 में 33.04 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया।

# महिला को जबरन नारी निकेतन भेजा, थाने में शिकायत



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन के विवाद में एक महिला को जबरन नारी निकेतन में दाखिल कराने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा के नेता सावित्री जगत सहित अन्य भाजपा नेता महिला को नारी निकेतन से निकाले जाने की मांग करने वहां पहुंच गए। भाजपा महिला मोर्चा की नेता सावित्री जगत के मुताबिक, लेन-देन के विवाद में महिला को जबरन नारी निकेतन में लाकर बंद कर दिया गया है। महिला का एक छोटा बच्चा भी है, जिसे मां से अलग कर दिया गया है। महिला को जबरन नारी निकेतन में लाए जाने का सावित्री जगत तथा भाजपा नेताओं ने विरोध किया है। महिला को नारी निकेतन से बाहर निकालवाने थाने भी गए और लिखित में शिकायत दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप

### नामावली पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बेमेतरा जिले के अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत को दुर्ग जिले के नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली तैयार पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक नियुक्त होने के उपरांत 26 सितम्बर को प्रेक्षक गुड्डू लाल जगत का दुर्ग आगमन हुआ जहां वे दुर्ग जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में चल रहे निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया तथा इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन विरेन्द्र सिंह संयुक्त कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रेक्षक गुड्डू लाल जगत से निर्वाचक नामावली के संबंध में लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सर्किट हाऊस के कक्ष क्रमांक 6 में कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

### वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम 1 अक्टूबर को

**दुर्ग।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह 1 अक्टूबर को सुबह 9 बजे स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर जेल तिराहा में आयोजित किया गया है। जानकारी अनुसार यह कार्यक्रम सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठजनों के अनुरूप विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता, सुरूली कुर्सी दौड़, तेज चाल, थ्रो बॉल इत्यादि एवं चिकित्सकीय परामर्श, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विधिक सहायता, स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।

### भोजन वितरण व्यवस्था की सीएम ने की तारीफ

**दुर्ग।** शहर में करोडों रूपए के विकास कार्य के भूमिपूजन में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने चंडी मंदिर में राधाकृष्ण मंदिर समिति महेश नगर द्वारा संचालित राम रसोई भोजन वितरण की व्यवस्थाओं को देखा। राम रसोई के माध्यम से जरुरतमंदो को मात्र 20 रुपए में पिछले लंबे समय से भरपेट भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। राम रसोई भोजन वितरण की व्यवस्था देखकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संचालन समिति के कार्यों की सराहना की गई।

### नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर, घी की शुद्धता को लेकर बरती जा रही सतर्कता

**बालोद।** देश में घी की शुद्धता पर उठ रहे सवाल का असर जिले में भी देखने को मिल रहा है। यहां आगामी क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर समितियों द्वारा घी व तेल ज्योति के साथ प्रसाद की शुद्धता को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है। तिरूपति बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुए घी व तेल की शुद्धता पर सवाल मामले का असर 3 अक्टूबर को प्रारंभ होने वाले क्वांर नवरात्रि पर देखने को मिल रहा है। इसके कारण जिले के प्रमुख मंदिरों में शामिल मंदिर समितियों द्वारा घी, तेल व प्रसाद सामग्री को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है, ताकि आस्था के साथ कोई खिलवाड़ न हो सके। मंदिर समितियां स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों से लेकर उच्चक्वालिटी की नामी कंपनियों से संपर्क कर बेहतर गुणवत्ता की परख कर सामग्रियों की खरीदी करने में जुटी हुई हैं, ताकि नवरात्रि में प्रसाद सामग्री से लेकर ज्योति में उपयोग किये जाने वाले तेल, घी की गुणवत्ता पर कोई सवाल न उठाया जा सके और लोगों की आस्था के साथ कोई खिलवाड़ न हो।

**अभियान :** न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने की सफाई

# जिला न्यायालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला न्यायालय परिसर बालोद में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांधी जयंती 2 अक्टूबर स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 14 सितंबर से 01 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा–2024 कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर बालोद में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने न्यायालय परिसर एवं आस–पास जगहों की साफ सफाई की।

इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न द्वारा बताया कि साफ–सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है, महात्मा गांधी ने कहा है कि स्वच्छता ही सेवा है, हमारे देश एवं हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। हमे अपने आसपास घर एवं कार्यस्थल पर साफ सफाई रखनी चाहिए।

इस अभियान में मुख्य रूप से न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, प्रथम जिला न्यायाधीश बालोद किरण कुमार जांगड़े, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश(विशेष न्यायाधीश) पॉक्सो कोर्ट बालोद कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बालोद संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर, जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू एवं सदस्यगण, न्यायालयीन कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के कर्मचारीगण तथा पैरालिगल वालिटियर्स उपस्थित थे।




## अनुविभागीय व तहसील कार्यालय बालोद में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसील कार्यालय बालोद में कार्यालयीन कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए कार्यालय एवं परिसर में साफ–सफाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रतिमा ठाकरे झा ने बताया कि कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए कार्यालय एवं परिसर में साफ–सफाई की गई है। उन्होंने कहा कि हमें अपना घर, कार्यालय एवं परिसर सहित बालोद नगर को सिर्फ साफ ही नहीं करना है, बल्कि साफ रखना भी है। श्रमदान अभियान में तहसीलदार आशुतोष शर्मा, नायब तहसीलदार मुकेश गजेन्द्र, उपभोक्ता फोरम के सदस्य इन्दरचंद राकेचा, ललित ठाकुर, रत्ना ठाकुर, दीपेश साहू, पूर्णानंद आर्य सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम लमती में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली



**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम लमती के प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक और बच्चों ने योग, प्राणायाम के अभ्यास के बाद शनिवार को स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। बच्चों, शिक्षकों, समिति के सदस्यों और स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं ने हाथों में पोस्टर लेकर नारा लगाते हुए रैली निकाली। गाँधी चौक के पास पहुँच कर बच्चों और ग्रामीणों को शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक ने हाथ धुलाई के 6 चरण बताए। इसके साथ ही उन्हें आसपास को साफ रखने की समझाइश देते हुए इसके तरीके बताए। उन्होंने कहा कि आसपास हमेशा साफ-सुथरा रखें। अपने घर के कचरे को एक डिब्बे में रखें और जब स्वच्छाग्रही समूह की बहनें घर आएं, तो वह कचरा उन्हें दे दें। इससे हमारे घर के साथ-साथ गांव की गंदगी भी दूर होगी। गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहेगा, जिससे हम स्वस्थ रहेंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मुरित राम ठाकुर, उपाध्यक्ष लोकेश रावटे, शिक्षक केएल बारले, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रभारी प्रधान पाठिका प्रियंका लोहरे, शिक्षक, संध्या पिस्दा, महेतरु राम, टेकराम लटिया, रूपचंद शिवने, स्वच्छाग्र0ही के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज की जिला कार्यकारिणी गठित, तहसील समिति भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कुर्मी भवन बालोद में आयोजित बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर हुई चर्चा

छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल के निर्देश पर जिला कुर्मी समाज के संरक्षकों के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला बालोद का विस्तार किया।

कुर्मी भवन बालोद में आयोजित बैठक में कुर्मी समाज के फिरकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसमें कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसके अलावा तहसील स्तर पर भी गठन करने समिति बनाई गई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता चेमन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गुण्डरदेही केके राजू चंद्राकर, टीकम पिपरिया सहित अन्य लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सभी लोगों ने एकमत से संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।

छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी समाज जिला बालोद के गठन में जिले में निवासरत कुर्मी समाज के सभी फिरकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव, उपाध्यक्ष, मंत्री सहित विभिन्न पदों में समाज के लोगों को जिम्मेदारी दी है। इसमें महामंत्री के पद पर भाजपा नेता चेमन देशमुख को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा तेजराम देशमुख, आरके वर्मा, राजेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार वर्मा को दायित्व दिया गया है। उपाध्यक्ष में टीकम पिपरिया, पुष्पेंद्र चंद्राकर, ललित हरदेल, ठाकुर राम चंद्राकर, केके राजू चंद्राकर, पूर्णानंद बेलचंदन, रोशन अमृत, कुलेश्वर देशमुख परसत, मनीष देशमुख दल्ली, गोविंद चंद्राकर बनाए गए हैं। विस्तारीकरण के दौरान नगर इकाई अध्यक्ष बालोद युगल किशोर देशमुख का बनाया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रीति देशमुख प्रदेश, जिला अध्यक्ष महिला समिति बालोद आशा अमृत, संध्या देशमुख एवं मीनू पिपरिया उपस्थित थीं।

छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला बालोद के विस्तार में संरक्षक के रूप में समाज के वरिष्ठ जनों को स्थान दिया गया है। इनमें बृजेश चंद्राकर, छगन देशमुख, संजय चंद्राकर सम्मिलित हैं। इनकी उपस्थिति व सहमति से संगठन का विस्तार किया गया। इनके अलावा संगठन में सचिव दामेश्वर प्रसाद दिल्लीवार, सहसचिव सुनील बेलचंदन, कोषाध्यक्ष ढालेश देशमुख, सह कोषाध्यक्ष राजीव देशमुख, मंत्री ओमप्रकाश देशमुख, मिनेश देशमुख, उमेश देशमुख, तामेश्वर देशमुख, पन्ना चंद्राकर, खिलावन वर्मा, शशि चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, जीतू देशमुख, रविकांत देशमुख, श्रीकांत वर्मा, विनोद चंद्राकर बनाए गए। वहीं पत्रकार हरबंश देशमुख, तिलक देशमुख मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

### शपथ ग्रहण 13 को

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 13 अक्टूबर को जिला व ब्लाक के सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें समाज के वरिष्ठ जनों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। समारोह को वृहद स्तर पर करने पर भी बल दिया गया। इसके लिए कार्य योजना भी बनाई जाएगी। ब्लॉक समिति को 3 अक्टूबर तक गठित कर अध्यक्ष के पास सूची जमा करने के निर्देश दिए गए।



### संगठन को मजबूत करने पर दिया जाएगा बल : सुरेंद्र

विस्तारीकरण बैठक में छत्तीसगढ़ सर्व कुर्मी समाज जिला बालोद अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने व समाज के सभी फिरकों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठन में शामिल किया जाएगा ताकि संगठन बेहतर ढंग से कार्य करता रहे और आगे बढ़ता रहे।

### तहसील समिति का भी होगा गठन

उक्त विस्तार बैठक में तहसील समिति का भी गठन करने का निर्णय लिया गया। इसमें बालोद, गुरुर, तहसील, डौंडी, दल्ली राजहरा तहसील, डौंडी लोहार, देवरी, अर्जुंदा व गुंडरदेही तहसील में पदाधिकारियों की नियुक्ति करने सहमति बनी। सभी तहसीलों में नियुक्ति के लिए जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई जो क्षेत्र के लोगों से मिलकर समिति का गठन करेंगे।

### नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम 30 को

**दुर्ग।** नशामुक्त भारत अभियान भारत सरकार की नशामुक्ति के उद्देश्य से महत्त्वाकांक्षी योजना जिले में संचालित है। नशा के दुष्प्रभावों से आम जनमानस विशेषकर युवा वर्ग को दूर रखने हेतु वृहद रूप से जिला स्तरीय कार्यक्रम 30 सितम्बर को प्रातः 11 बजे आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में नशामुक्त दुर्ग अभियान सह सेमीनार का आयोजन किया गया है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इस कार्यक्रम में जिला अधिकारियों, ब्रम्हकुमारी संस्था के राष्ट्रीय स्तर के प्रचारक, जिले के अंतर्गत नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी होगी। कार्यक्रम सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में होगा।

पेज 11 के शेष...

### भाषायी कौशल के...

शिक्षा विभाग सत्रारंभ पूर्व शिक्षकों का प्रशिक्षण, नियमित कार्यशाला का आयोजन, प्रत्येक शनिवार को किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। बैठक में संकुल जेवरा, जीया, मटका, जेवरी और कोबिया समन्वयक तथा संकुल प्राचार्य कोबिया एवन कुमार जांगड़े, प्रधान पाठिका सुनीता साहू, संकुल समन्वयक उद्धव साहू तथा भाषा समूह हिन्दी अंग्रेजी के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### जानवर के काटने पर...

दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव के निर्देशन और डॉ एम.एम. रजा बीएमओ के निर्देश बीपीएम सीके देवांगन के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में आने वाले मरीजों के साथ ही यूआर ध्रुव, सुनिल, वसुधा, सभी सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### सहायक शिक्षक ...

वेतन विसंगति की मांग प्रथम पंक्ति में नहीं होने पर सहायक शिक्षक फेडरेशन आंदोलन में शामिल नहीं होंगे। ब्लॉक स्तर पर राशि खर्च के लिए पांच सदस्य टीम गठित की गई। सर्विस बुक को संपरिक्षक से सत्यापन करने के लिए भी बीईओ से संपर्क किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसमें शेष राशि शून्य है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कुछ जिम्मेदार शिक्षकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव, धनेश रजक कमल किशोर शर्मा, टिकेन्द्र राजपूत, हेमंत कुमार टंडन, राजकुमार कुर्रे, मनीराम साहू, गजानंद वैष्णव, दिलीप कुमार पटेल, संतोष कुमार कश्यप सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# सारे दुखों का अंत ज्ञान व ध्यान से ही संभव है : भूषण साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्राम करहीभदर में पांच दिवसीय ज्ञान ध्यान शिविर का हुआ आयोजन



ग्राम करहीभदर में सतगुरु रामसूरत साहेब एवं सद्गुरु अभिलाष साहेब की पुण्यतिथि पर पांच दिवसीय ज्ञान ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। संत गुरुभूषण साहेब कबीर पारख आश्रम सूरत के संरक्षण में 22 सितंबर से प्रारंभ 26 सितंबर तक चला। संत देवेंद्र साहेब के संरक्षण में प्राणायाम, व्यायाम, नाभि झटका प्रयोग का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने कहा कि मन को एकाग्र करने के लिए सर्वप्रथम शरीर को स्वस्थ रखना आवश्यक है। हल्का भोजन नित प्राणायाम, व्यायाम तभी मन एकाग्र होगा।

समापन दिवस सद्गुरु अभिलाष साहेब के निर्वाण दिवस पर पधारे संत भक्तों की उपस्थिति में हुआ। कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम पोटियाडीह की साध्वी संतुष्टि साहेब ने कहा, कुछ ना करना ध्यान है, शरीर के साथ मन भी स्थिर हो। संत कोमल साहेब ने कहा कि ध्यान का अर्थ सजगता, रखवाली है। ध्यान से देखना, सुनना बोलना। हमारा सारा क्रियाकलाप ध्यानपूर्वक हो।

कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम नवागांव से आई हुई साध्वी स्मृति साहेब ने कहा कि, पूज्य गुरुदेव अभिलाष साहेब की स्मृति में जितना कहें, वह कम है। कबीर आश्रम संकरी के संत अनिल साहेब ने कहा कि सद्गुरु कबीर का विचार भ्रम एवं पाखंड से रहित है, हम सबको आत्मा की ओर ध्यान देना चाहिए।

संत दिनेद्र साहब ने कहा यदि सद्गुरु नहीं मिले होते तो दर–दर ठोकर खाते हम। चैन नहीं मिलता, जीवन में रो–रो कर पछताते हम। हमें सद्गुरु एवं संतों के सानिध्य में साधना करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता पूज्य संत गुरु भूषण साहेब ने अपने विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ध्यान से तनाव कम होता है, मन की एकाग्रता बढ़ती है, आत्म जागरूकता के साथ ही मानसिक शांति मिलती है। सारे दुखों का अंत ज्ञान एवं ध्यान से ही संभव है, यह हम कर सकते हैं। कार्यकम का संचालन संत देवेंद्र साहेब ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से संतों एवं साधक–साधिकाओ ने भाग लिया।

### बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत व शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की जनपद पंचायत धमधा मे शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के शुरुआत हुई। सर्व प्रथम उपस्थित जनसमुदाय द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा ग्राम में स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जिन्हे 2 अक्टूबर को पुरुस्कृत भी किया जाएगा। प्राथमिक शाला स्वच्छता हेतु प्रेरणा केंद्र बना। पहले दिवस कार्यक्रम में सभी लोगों के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पंचायत भवन, प्राथमिक शाला परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, मंगल भवन आदि स्थानों की सफाई किया गया। ग्राम पंचायत को गंदगी से मुक्त करने में अपनी अपनी भूमिका निभाने पर चर्चा की गई।

## ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की मासिक बैठक दिन शुक्रवार को लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में हुई। बैठक में ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा मेट संघ में सम्मिलित होने, साथ ही साथ सदस्यता शुल्क और परिचय पत्र के लिए वार्षिक शुल्क 600 रुपए सुनिश्चित किया। आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती समारोह ग्राम पंचायत फरदफोड़ में मनाना प्रस्तावित हुआ। विगत 28 मई को 30 मेटों के पंजीयन के लिए आवेदन दिया गया था, जिसके जानकारी लेने 28 अगस्त को गये थे, जिसको मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा वापस कर रोजगार सहायकों को आदेश कर ग्राम पंचायत के माध्यम से होगा ऐसा आश्वासन दिया, जो आज एक माह हो गया कोई पंचायतों में आदेश नहीं गया है। आज की बैठक में उपस्थित मेंट संघ उपाध्यक्ष कीर्तन राम देवांगन, ढ़ालसिंह साहू सचिव, ओंकार सिंह साहू कोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार भुआर्य, संतराम यादव, राजेन्द्र राणा, मोरध्वज बैरागी, लता सांथर, गीता बघेल, शिवकुमार पटेल,तुला राम, संतलाल साहू, ओमशंकर सहारे, महेंद्र कुमार, पेरमु राम नायक, रमेश कुमार सोरी, सोहनलाल, प्रीतम साहू जिला सचिव, मीडिया प्रभारी एवं नेहरू कोसमा और अन्य मेंट साथी उपस्थित रहे।

**AGRASEN B.ED COLLEGE**
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
**APPOINTMENT**

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agrasencollege@ymail.com

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### उप पंजीयक विजय का हुआ स्थानांतरण, दी गई विदाई

**गुण्डरदेही।** उप पंजीयक विजय मूले का स्थानांतरण होने पर स्टाफ द्वारा विदाई दी गई। श्री मूले लगातार 11 साल तक गुण्डरदेही में अपनी सेवा दी। अपने मधुर स्वभाव के कारण कृषक एवं स्टाफ से तालमेल बना रहा। उनकी याद को अविस्मरणीय बनाने के लिए विदाई अवसर पर पीपल का 5 फीट ऊंचा पौधा पंजीयन कार्यालय परिसर में लगाया गया। इस अवसर पर दस्तावेज लेखक, स्टांप वेंडर केशव राम साहू, लीलर सिन्हा, घनश्याम साहू, नरेश बारले, मोहन निषाद, दिलीप कुमार, टीकाराम, धनेशु निषाद, पंचराम साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### गातापार शाला प्रबंधन समिति का हुआ गठन



**जामगांव आर।** गातापार शाला प्रबंधन समिति का गठन हुआ। अध्यक्ष केशव राम ठाकुर, उपाध्यक्ष तालसिंग साहू, सांसद प्रति निधि टेसराम साहू, विधायक प्रतिनिधि अरूण कुमार साहू, पंच प्रतिनिधि होरी लाल साहू, शिक्षाविद राजेश्वर प्रसाद साहू, कुसुमलता साहू, योगेश्वरी साहू, गंगेश्वरी निर्मलकर, गीता साहू, अंजू साहू मंचासीन थे। इस अवसर पर मनोज कुमार साहू, चन्द्राहास साहू, गजेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर(शिक्षक), प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम, पायल साहू उपस्थित रहे।

### जिला वन अधिकार समिति के सदस्य बने पूर्णेंद्र

**जामगांव आर।** नगर के युवा पत्रकार पूर्णेंद्र सिन्हा को अनुविभाग पत्रकार संघ कोषाध्यक्ष को जिला वन अधिकार समिति सदस्य मनोनित किया गया है। श्री सिन्हा के मनोनयन पर अनुविभाग पत्रकार संघ साथियों ने हर्ष व्यक्त किया।



### स्काई स्कूल को मिला नेशनल अवार्ड

**धमधा।** भारत की शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी संस्था एल्ड्रोक, इंडिया के द्वारा बंगलौर के केटीपीओ में आयोजित एजुकेशनल एक्सपो में लॉजिकल एंड एडवांस्ड लर्निंग विषय को सम्पूर्ण भारत में विकसित करने के उद्देश्य की पूर्ति करने हेतु दुर्ग जिले के धमधा तहसील में स्थित स्काई इंटरनेशनल स्कूल को यह पुरस्कार प्रदान किया गया । उल्लेखनीय है की बंगलौर के वाइट फील्ड के केटीपीओ स्टेडियम में 25 एवं 26 सितम्बर को आयोजित इस गरिमामय के-12 अवार्ड आईकेए-2024 कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। यह गौरव सम्पूर्ण दुर्ग जिले में केवल स्काई स्कूल धमधा को प्राप्त हुआ। उपलब्धि पर स्कूल की संरक्षिका श्रीमती सुनीता जैन, चेयरमैन संकेत जैन आदि ने बधाई दी है।

**अभियान :** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी कन्या माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा की छात्राओं ने निकाली रैली

# छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा









स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी कन्या माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, जिला बेमेतरा की छात्राओं ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से जयस्तंभ चौक होते हुए विद्यालय तक रैली निकाली। बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा ने रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया । छात्राओं ने रैली के माध्यम से मन में रखो एक ही सपना, स्वच्छ बनाना है भारत अपना, 02 अक्टूबर का दिवस हमारा, स्वच्छता अभियान का नारा हमारा के स्लोगन के साथ गांव समाज को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शास्त्री ने स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि सफाई से हमें खुद को, घर को और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाना है। साथ ही स्वच्छता से पूरे विश्व में अपनी पहचान बनानी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अच्छे जीवन का मूल मंत्र यही है कि आप अपने आस-पास की सफाई के साथ-साथ अपने अंतः मन की बुराई को भी साफ करें। किसी के प्रति द्वेष, वैमनस्य और बुरी भावना नहीं रखें। इस अवसर पर अध्यक्ष व न्यायाधीशों ने प्राधिकरण कार्यालय में पौधा रोपण कर पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाने का भी संदेश दिया। उक्त रैली में समस्त न्यायाधीश, प्राधिकरण के कर्मचारी, पैरालीगल वालिंटियर्स, एलएडीसीएस अधिवक्ता, छात्राएँ व शिक्षक उपस्थित थे।

### कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र ढोलिया के छात्रावास की सफाई की

**बेमेतरा।** रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया केकृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया के छात्रावास छात्रावास में सेवा से स्वच्छता की ओर अभियान के तहत एनएसएस द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. साक्षी बजाज की देखरेख में हुआ। अभियान में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छात्रावास परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। सफाई अभियान के दौरान छात्रों ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया और स्वच्छता का महत्व समझाया। इस पहल ने छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई। इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरणादायक साबित होंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों का सकारात्मक सहयोग रहा।









### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुई मानक लेखन और पोस्टर स्पर्धा

**बेमेतरा।** भारतीय मानक ब्यूरो, रायपुर शाखा के सहयोग से स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गठित मानक क्लब के तत्वावधान में 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अवसर पर शनिवार को व्यक्तिगत स्वच्छता और साफ़-सफ़ाई से संबंधित उत्पाद के मानक विषय पर मानक लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानक क्लब के 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने दैनिक जीवनोपयोगी उत्पाद जैसे टूथपेस्ट, शैंपू, साबुन, डिटर्जेंट, नेल कटर, फेस वाश, हैंड वाश इत्यादि के मानक के मापदंडों को जाना व लेखन एवं चित्रकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनता को दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों के मानकों के विषय में जागरूक करना है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। बीआईएस वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उसके प्रासंगिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुदेश चटर्जी और मानक क्लब की मार्गदर्शिका स्मृति अग्रवाल एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## सतनामी समाज ओटेबंद अठगांवा के अध्यक्ष बनाए गए शंकरलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के अठगांवा सेक्टर ओटेबंद का अठगांवा पदाधिकारी का चुनाव परसदा भाठापारा में हुआ। अध्यक्ष शंकर लाल देशलहरा, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गायकवाड़, प्रेम कुरै कोषाध्यक्ष, रामेश्वर लाल बांधे सचिव, संतोष जोशी सह सचिव को बनाया गय। कार्यकारिणी सदस्य में रोशन लाल देशलहरा, कुन्ती देशलहरा, बलीराम जोशी, भीम सिंह जोशी, राजूलाल बंजारे शामिल है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष नीलकंठ टंडन संरक्षक व जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, मानसिंह देशलहरा, गोपाल दास बंजारे, बालाराम कोसरे, छबीलाल बंजारे, अठगांवा अध्यक्ष टुमन श्याम सुंदर, उपाध्यक्ष दिलीप बारले, चमन जनार्दन, ग्रामीण अध्यक्ष सुखरी मनसा राम कुरै, अध्यक्ष डंगनिया प्रेम कुरै, अध्यक्ष सिरसिदा हरिंद्र देशलहरे, अध्यक्ष ओटेबंद धनीराम बंजारे, अध्यक्ष परसदा लखन टंडन, अध्यक्ष गुरेदा बंशीलाल कोसरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर विकास व प्रबंधन समिति अध्यक्ष बने अंगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

लंबे इंतजार के बाद जामगांव आर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू को स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम विद्यालय जामगांव आर का जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनोनित किया गया। उल्लेखनीय है कि नरेश केला के शासकीय कालेज जामगांव आर अध्यक्ष बनने से इस सीट पर समायोजन किया गया। शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला ने भगवा दुपट्टा से अंगेश्वर साहू का स्वागत किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष मनीष जैन, व्यापारी दिनेश केला, भाजपा नेता मेघनाथ सागरवंशी उपस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय बोरी में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में कार्यक्रम अधिकारी भागवत कुर्रे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ हंसराज ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य "स्वयं से पहले आप" हमें निस्वार्थ भाव से सेवा करना सिखाता है। हमें समाज एवं अन्य लोगों के प्रति विचारशील होना चाहिए तथा अपने कर्तव्य के लिए सजग रहना चाहिए। हमें सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य करना चाहिए। इसके साथ ही महाविद्यालय के हिंदी विभाग की डॉ आशा दीवान ने कविता के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया। महाविद्यालय के अंग्रेजी की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ तापस मुखर्जी ने सेवा भाव पर अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. अन्नपूर्णा महतो, डॉ अमरनाथ शर्मा, सुरेंद्र मेहर, डॉ संगीता देवी शर्मा, डॉ. समीर जायसवाल, कविता ठाकुर, सुनील, डॉ आशुतोष, डॉ नुसरत, डॉ भारती, अनुराग पटेल, डॉ. कृष्णा पटेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## निरंतर देखभाल व पौष्टिक आहार से सामान्य स्तर पर आया बच्चे का वजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर रसमड़ा के महमरा पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र महमरा में सामान्य से कम वजन के बच्चे के जन्म होने पर उन्हें निरंतर देखरेख और उचित पोषण के माध्यम से सामान्य स्तर पर लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार महमरा निवासी हितग्राही मोना यादव ने जब बच्चे को जन्म दिया, तब उसका वजन सामान्य से कम था। आंबा कार्यकर्ता हेमलता निषाद जब गृहभेंट करने उनके घर गई, तब पता लगा कि बच्चे का वजन 2.3 किग्रा है, जो सामान्य से कम है। इस पर कार्यकर्ता ने माता को कंगारू मदर के बारे में बताते हुए उसका उपयोग करना बताया। वहीं, दूध पर्याप्त आने के लिए धैर्यपूर्वक रहकर पौष्टिक आहार के साथ रेडी टू ईट की निर्धारित मात्रा का उपयोग करते रहने की समझाइश दी। वहीं, हाथ धुलाई के 6चरण बताते हुए स्वच्छता का ध्यान रखने कहा गया। 6 माह लगातार ध्यान देने के बाद भी उम्र के अनुसार वजन नहीं बढ़ पाया, तब 6 माह बाद सुपोषण चौपाल अंतर्गत आंगनबाड़ी में बच्चे का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यकर्ता ने माता को बच्चे के लिए अर्धठोस आहार बनाना व खिलाना सिखाया। रोज गृहभेंट के दौरान कार्यकर्ता बच्चे के खाना खिलाने के तरीके की निगरानी करती। इस तरह निरंतर प्रयास करते से इस वजन त्यौहार में 13 माह के बालक शिवम् का वजन 8.5 किलोग्राम, ऊंचाई 74 सेंटीमीटर है। इस तरह वह सामान्य पोषण स्तर में आ गया है।



## राजनीति विज्ञान कार्यपरिषद गठित, दामिनी बनीं अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही राजनीति विज्ञान विभाग में कार्यपरिषद का गठन किया गया। अध्यक्ष एमए तृतीय सेमेस्टर दामिनी, उपाध्यक्ष एमए प्रथम सेमेस्टर दामिनी देवांगन, सचिव योगेश्वरी, सहसचिव मोनिका एवं सदस्य के रूप में पायल साहू, भैगेश्वर, योगिता, चन्द्रकांत, छत्रपाल, प्रदीप, दामिनी एवं अनमोल चुने गए। कार्यपरिषद उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश्वर साहू, सहायक प्राध्यापक शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौंडी उपस्थित थे। इन्होंने भारत में व्यवहारिक लोकतंत्र की भूमिका विषय पर गंभीरता से प्रकाश डाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.केडी.चावले ने राजनीति विज्ञान विभाग कार्यपरिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के साथ ही उनके जिम्मेदारी से उन्हें अवगत कराया। विभागाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया कि गत वर्ष विभाग के तीन छात्र एवं छात्रओं ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



### शासकीय विद्यालय मोखा में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मोखा स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत पुष्पेंद्र कटेंद्र, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति रामस्वरूप सिन्हा, सचिव काशीराम कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदय राम ठाकुर, पूर्व सरपंच श्यामलाल गजेंद्र, अध्यक्ष आदर्श नवयुवक मंच टीकम सिन्हा, फणीश लावत्रे, राधेलाल यादव, पंचराम निषाद सहित आदर्श नवयुवक समिति के सदस्य उपस्थित थे। डीएल श्याम, सागर, ऊषा रानी मरकाम सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में पैधारोपण किया गया।



### कंतेली स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे एसीपी भूपेंद्र, जाना हालचाल

**बेमेतरा।** एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू तथा उमा जाटव ने कंतेली में संचालित वृद्धाश्रम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां रहने वाले वृद्धों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। आश्रम में मौजूद समस्त बुजुर्गों, वृद्धजनों से उनकी दिनचर्या और रुचि, घर परिवार के सम्बंध में बातचीत की। इस दौरान कुछ बुजुर्गों ने अपने अनुभव बताए। उन्होंने बताया कि हमने अपने घर परिवार व बाल बच्चों के लिए सब कुछ किया, लेकिन जीवन के अंतिम पड़ाव में इस आश्रम में रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। भूपेंद्र साहू और उमा जाटव ने सभी बुजुर्गों को उनकी दैनिक उपभोग की खाद्य सामग्री भेंट की।

**बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे बस्तीवासी**

# धूल, धुएं और गंदगी का दंश झेल रहीं औद्योगिक क्षेत्र की श्रमिक बस्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई की श्रमिक बस्तियों को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। विकास के लिए तीन एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी बस्ती के मजदूरों और उनके परिवार बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उन्हें प्रदूषण के साथ कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पचास साल पुराने औद्योगिक क्षेत्र में हथखोज,जामुल,छावनी, एसीसी बस्ती, कैलाशनगर के पीछे की झुग्गी व बोगदा पुलिय क्षेत्र आदि आधा दर्जन श्रमिक बस्तियां स्थित हैं। इन बस्तियों के विकास की जिम्मेदारी नगर पालिका,सीएसआईडीसी और उद्योग विभाग पर है। यहां स्थिति उद्योगों का सीएसआर भी है। लेकिन अब तक इन बस्तियों की तस्वीर नहीं बदली है। धूल, धुएं, केमिकल डस्ट की गंदगी, खटालों की अस्वच्छता के साथ आम बस्तियों की मूलभूत सुविधाओं की बदहाली की भी चपेट में यह श्रमिक बस्तियां सालों से हैं। सड़क, पानी, नाली, जलभराव, गंदगी, स्ट्रीट लाइट, अपराध आदि की तरह की समस्याओं के चलते बस्तिवासियों को नारकीय जीवन बिताने मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि यह श्रमिक पट्टी राजनीतिक दलों व नेताओं का हर चुनाव में एक बड़ा वोट बैंक रहा है। प्रत्याशी चुनावी वादे भी करते हैं लेकिन शहर के अन्य रिहायशी इलाकों की तुलना में इन उपेक्षित बस्तियों के हिस्से में विकास के कुछ छींटे ही आते हैं । बस्तीवासियों ने बताया कि हथखोज कई सड़कें जर्जर होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। नालियों के केमिकल व मलबे से जाम होने से भारी गंदगी व बदबू से लोगों को हमेशा बीमारियों का सामना करना पड़ता है। बारिश में नालियां जर्जर, जाम और पट जाने से जगह जगह जलभराव की समस्या से आवाजाही में परेशानी हो रही है।



